राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

—: विज्ञप्ति :—

दिनांक : 01.02.2017

1. आयोग द्वारा **लिपिक ग्रेड द्वितीय संयुक्त प्रतियोगी पुनः परीक्षा 2013** के **द्वितीय चरण (Phase-II)** की परीक्षा दिनांक **07.03.2017 एवं 08.03.2017** को (कम्प्यूटर पर ऑनलाईन हिंदी एवं अंग्रेजी में गति एवं दक्षता परीक्षण) ऑनलाईन रूप में आयोजित की जा रही है। अभ्यर्थी को परीक्षा में आयोग द्वारा कम्पयूटर उपलब्ध कराया जायेगा जिसके एवज में कम्प्यूटर शुल्क राशि रूपये 200/— दिनांक 10.02.2017 से 25.02.2017 तक आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक का चयन कर ऑनलाईन जमा करावें एवं अभ्यर्थी स्वयं की सेवा विभाग प्राथमिकता क्रम को भरना सुनिश्चित करें। उक्त दिनांक तक ऑनलाईन शुल्क एवं सेवा विभाग प्राथमिकता क्रम नहीं भरने वाले अभ्यर्थियों को द्वितीय चरण की परीक्षा में प्रवेश नहीं दिया जायेगा। सेवा विभाग प्राथमिकता क्रम निम्नानुसार निर्धारित है :— (1) अधीनस्थ कार्यालय (2) शासन सचिवालय (3) राजस्थान लोक सेवा आयोग कार्यालय।
2. समस्त निःशक्तजन अभ्यर्थियों को द्वितीय चरण की कम्प्यूटर टंकण परीक्षा से नियमानुसार मुक्त रखा गया है, ऐसे अभ्यर्थी आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध लिंक पर बिना शुल्क के ऑनलाईन ही सेवा विभाग प्राथमिकता क्रम को भरना सुनिश्चित करें।
3. यदि अभ्यर्थी सेवा विभाग प्राथमिकता क्रम नहीं भरता है तो उपरोक्तानुसार उनका सेवा विभाग प्राथमिकता क्रम माना जाएगा।
4. ऑनलाईन परीक्षा से पूर्व अभ्यर्थीगण आयोग की वेबसाईट https://rpsc.rajasthan.gov.in पर **लिपिक ग्रेड द्वितीय संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा 2013** में उपलब्ध मॉक टेस्ट का ट्रायल कर लें साथ ही परीक्षा के संबंध में जारी परीक्षा की निर्धारित प्रक्रिया एवं दिशा निर्देशों का अध्ययन अवश्य कर लें।

(भगवत सिंह राठौड़)
उप सचिव

— —